# नगरीय निकायों में तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के 21 हजार पद सीधी भर्ती से भरेगी सरकार

## नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय ने एक हफ्ते में निकायों से मांगा ब्योरा

**भोपाल (राज्य ब्यूरो)।** राज्य सरकार निकायों (नगर निगम, नगर पालिका और नगर परिषद) में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों के लिए सीधी भर्ती की तैयारी कर रही है। नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय ने सभी नगर निगम आयुक्तों से एक हफ्ते में रिक्त पदों का ब्योरा मांगा है। यह पद प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड (पीईबी) के माध्यम से भरे जाएंगे। अनुमान है कि प्रदेशभर में निकायों में 21 हजार से ज्यादा पद खाली हैं।

निकायों में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पद खाली होने से कामकाज की स्थिति खराब है। निकायों में नियमित काम (विभिन्न कर की वसूली, अतिक्रमण हटाने सहित अन्य) नहीं हो पा रहे हैं। कई निकायों में तो भृत्य तक नहीं हैं। जिसे देखते हुए सरकार ने दिसंबर 2020 में जिला स्तरीय माडल रोस्टर प्रकाशित किया था, जिसके हिसाब से निकायों में तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती होना है। कोरोना संक्रमण की रोकथाम सहित अन्य कार्यों में व्यस्त रहे निकाय खाली पदों की जानकारी अब तक नहीं भेज पाए थे। अब संचालनालय ने खाली पदों के ब्यौरे के साथ ही सीधी भर्ती का प्रस्ताव तैयार कर सीधे पीईबी को भेजने के निर्देश दिए हैं।

### पिछड़ा वर्ग को 27 फीसद आरक्षण

संचालनालय ने सीधी भर्ती मे आरक्षण की स्थिति भी स्पष्ट कर दी है। इसमे महिलाओं को 30 फीसद आरक्षण का लाभ मिलेगा। जबकि सरकार के हालिया निर्णय के अनुसार अन्य पिछड़ा वर्ग को 14 की बजाय 27 फीसद आरक्षण दिया जाएगा और भूतपर्व सैनिकों को तृतीय श्रेणी के लिए 10 और चतुर्थ श्रेणी के लिए 20 फीसद आरक्षण मिलेगा। आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग (ईडब्ल्यूएस) को भी 10 फीसद आरक्षण मिलेगा।

**स्थापना व्यय को ध्यान में रखकर होगी भर्ती :** निकायों में होने वाली सीधी भर्ती रिक्त पदों की पदपूर्ति के लिए तय स्थापना व्यय की सीमा अधिकतम 65 फीसद को ध्यान में रखकर की जाएगी।

**सीधी भर्ती से स्थाईकर्मी नाराज :** सीधी भर्ती से प्रदेश के 48 हजार से ज्यादा स्थाईकर्मी खासे नाराज हैं। इनका कहना है कि इन पदों पर पहला हक उनका है। मप्र कर्मचारी मंच के अध्यक्ष अशोक पाण्डेय कहते हैं कि वर्ष 2016 में सुप्रीम कोर्ट ने विभागों में खाली होने वाले पदों पर योग्यता अनुसार पहले स्थाई कर्मचारियों को नियुक्ति देने के निर्देश दिए थे। इसी के बाद राज्य सरकार ने दैनिक वेतन भोगियों को स्थाईकर्मी घोषित किया था और अब सरकार सीधी भर्ती से पद भर रही है।

नई दुनिया
17-10-2021

## द्वार के सौंदर्यीकरण से होगी शुरुआत

विधायक काश्यप ने कहा कि महलवाड़ा को संरक्षित स्मारक बनाने की शुरुआत द्वार के सौंदर्यीकरण से की जाएगी। इस संबंध में उनकी मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान से भी चर्चा हुई है। यदि कानूनी अड़चन आई तो उसके निवारण के लिए विधानसभा तक पहल की जाएगी। त्रिपोलिया गेट का जिस प्रकार सौंदर्यीकरण हुआ है, उसी प्रकार निगम निधि एवं विधायक निधि से महलवाड़ा के द्वार को नया रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि रतलाम को मालवा एवं निमाड़ का प्रमुख औद्योगिक एवं व्यापारिक केन्द्र बनाना लक्ष्य है। इसमें कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। आरंभ में राजेन्द्रसिंह गोयल ने विधायक श्री काश्यप के कार्यकाल में हुए रतलाम के चौतरफा विकास के कार्यों पर प्रकाश डाला। आभार सुरेन्द्रसिंह भाटी ने माना। इस दौरान कैलाशसिंह चौहान, किशोरसिंह चौहान, टिकमसिंह सोलंकी, महेन्द्रसिंह चौहान, सुरेन्द्रसिंह वाघेला, दिनेशसिंह वाघेला, मनोहरसिंह चौहान, डाडमसिंह राठौर सहित समाजजन मौजूद रहे।

दबंग दुनिया
17-10-2021

## महलवाड़ा को संरक्षित और मुख्य द्वार का सौंदर्यीकरण किया जाए : काश्यप

रतलाम। विधायक चेतन्य काश्यप ने रतलाम के महलवाड़ा परिसर संरक्षित करने और इसके मुख्य द्वार का विधायक निधि एवं नगर निगम की निधि से सौंदर्यीकरण कराए जाने हेतु कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से चर्चा की। उन्होंने महलवाड़ा को संरक्षित करने हेतु इससे संबंधित रिकार्ड और दस्तावेजों का अध्ययन करने एवं तत्पश्चात सुनियोजित कार्ययोजना बनाने पर बल दिया। श्री काश्यप ने शहर विकास से जुड़े कई अन्य विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की। विधायक श्री काश्यप ने बताया कि रतलाम में त्रिपोलिया गेट का जिस प्रकार सौंदर्यीकरण हुआ है। उसी प्रकार महलवाड़ा के मुख्य द्वार का भी सौंदर्यीकरण किया जाना चाहिए। इसके लिए वे निगम निधि के साथ आवश्यकतानुसार अपनी विधायक निधि से राशि उपलब्ध कराएंगे। श्री काश्यप ने रतलाम के प्राचीन एवं प्रसिद्ध श्री कालिका माता मंदिर एवं पुराने कलेक्टोरेट परिसर का भी सुनियोजित विकास करने की कार्यवाही तेज करने को कहा। उन्होंने बताया कि पुराने कलेक्टोरेट परिसर, गुलाब चक्कर एवं पशु चिकित्सालय परिसर सहित समूचे क्षेत्र का विकास करने हेतु मास्टर प्लान बनाया जाए। इन कार्यों के लिए नियुक्त कंसलटेंट से जल्द से जल्द कार्य योजना प्रस्तुत कराई जाए। श्री काश्यप ने लाल पत्थर से श्री कालिका माता मंदिर के नव निर्माण की योजना में गति लाने पर जोर दिया। उन्होंने रिडेंसीफिकेशन योजना के तहत आरडीए के माध्यम से रतलाम जिला चिकित्सालय के 300 बिस्तरों वाले बहुमंजिला भवन के निर्माण की कार्यवाही भी तेज करने पर बल दिया। उन्होंने रतलाम शहर में सीवरेज लाईन, पेयजल पाईप लाईन की खुदाई एवं वर्षाकाल के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों का पेचवर्क जल्द पूर्ण करने को कहा। इन्दौर समा

4
इन्दौर समाचार
17-10-2021

## हर्षोल्लास से मनाया गया विजयादशमी का पर्व, पोलो ग्राउंड में हुआ रावण दहन



रतलाम। बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक विजयादशमी पर्व पर पोलो ग्राउण्ड में रावण के पुतले का दहन शासन द्वारा दिये गये कोविड-19 के निर्देशों के तहत किया गया। पोलो ग्राउंड पर भगवान श्री राम, लक्ष्मण तथा हनुमान का स्वागत नगर विधायक चेतन्य काश्यप, कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम अभिषेक गेहलोत, भाजपा नेता प्रदीप उपाध्याय, श्रीमती अनिता कटारिया, बजरंग पुरोहित, मंगल लोढ़ा, श्रीमती सोना शर्मा, आदित्य डागा, कृष्ण कुमार सोनी, राकेश परमार, उपायुक्त विकास सोलंकी, तहसीलदार गोपाल सोनी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, मोहम्मद हनीफ शेख, जी.के. जायसवाल, प्रभारी सहायक यंत्री श्याम सोनी सहित जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन व निगम अधिकारी एवं कर्मचारी आदि ने पुष्पहारों से किया।



## हर्षोल्लास से मनाया गया विजयादशमी का पर्व, पोलो ग्राउंड में हुआ रावण दहन

रतलाम। बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक विजयादशमी पर्व पर पोलोग्राउण्ड में रावण के पुतले का दहन शासन द्वारा दिये गये कोविड-19 के निर्देशों के तहत किया गया। पोलो ग्राउंड पर भगवान श्री राम, लक्ष्मण तथा हनुमान का स्वागत नगर विधायक चेतन्य काश्यप, कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम अभिषेक गेहलोत, भाजपा नेता प्रदीप उपाध्याय, श्रीमती अनिता कटारिया, बजरंग पुरोहित, मंगल लोढ़ा, श्रीमती सोना शर्मा, आदित्य डागा, कृष्ण कुमार सोनी, राकेश परमार, उपायुक्त विकास सोलंकी, तहसीलदार गोपाल सोनी, कार्यपालन यंत्री सुरेश चन्द्र व्यास, मोहम्मद हनीफ शेख, जी.के. जायसवाल, प्रभारी सहायक यंत्री श्याम सोनी सहित जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन व निगम अधिकारी एवं कर्मचारी आदि ने पुष्पहारों से किया।

**यह कैसा स्वच्छता का संदेश....**

# नेहरू स्टेडियम में रावण दहन के बाद खिलाड़ियों को परेशानी

पत्रिका न्यूज पंच

### बेरिकेट्स के लिए किए गडढे से लेकर रावण जलने के बाद का कचरा छोड़ गया नगर निगम



रतलाम. शहर के नेहरू स्टेडियम में नगर निगम ने शुक्रवार को रावण के पुतले का दहन तो किया, लेकिन जलने के बाद का कचरा खिलाड़ियों के लिए छोड़ गया। शहर को स्वच्छता का पाठ पढ़ाने वाले नगर निगम के व्यवहार से खिलाड़ियों में नाराजी है। इतना ही नहीं, जो बेरिकेट्स लगाए थे, उसके गड्डे तक छोड़ दिए गए।

शहर में प्रतिवर्ष नगर निगम द्वारा रावण के पुतले का दहन नेहरू स्टेडियम में किया जाता है। यहां पर हॉकी, फुटबॉल, क्रिकेट, ऐथेलेटिक्स के खिलाड़ी अपनी मेहनत से मैदान को तैयार करते है व नगर निगम के आयोजन के बाद जरूरी रखरखाव के अभाव में खिलाड़ियों द्वारा तैयार किए गए मैदान को खराब कर दिया जाता है।

### वैकल्पिक स्थान की जरुरत

खिलाड़ियों का कहना है कि वैकल्पिक स्थान की तलाश नगर निगम को करना चाहिए। जिस तरह से गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस आदि के आयोजन कृषि उपज मंडी से लेकर पुलिस लाइन में होते है उसी तरह से रावण दहन का आयोजन भी खेल मैदान को छोड़कर अन्य स्थान पर किया जा सकता है। इससे खिलाड़ियों के लिए बनाए गए मैदान की स्थिति बेहतर रहेगी। शनिवार सुबह जब फुटबाल खेलने वाले खिलाड़ियों से लेकर ऐथेलेटिक्स के लिए खिलाड़ी गए तो उनको लगाए गए बेरिकेट्स हटने का पहले इंतजार करना पड़ा। इसके बाद जब नगर निगम के दल ने उनको हटाया तो गड्ढे छोड़ दिए। इससे खिलाड़ियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### सुधार कार्य के निर्देश दे रहे

इस बात की जानकारी है कि स्टेडियम में गड्ढे किए गए। इसको तुरंत सुधार के निर्देश दिए जा रहे हैं।

**- विकास सोलंकी,** उपायुक्त नगर निगम

### देश में कहीं नहीं होता ऐसा

देश में कही भी ऐसा नहीं होता है कि खेल मैदान को बनाने व सुविधा देने के बजाए खराब किया जाए। रावण पुतला दहन के लिए वैकल्पिक स्थान देखने की जरुरत है। जिससे मैदान में खिलाड़ियों को अभ्यास की समस्या नहीं आए।



राकेश शर्मा

**- राकेश शर्मा,** वालिबाल के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी

पत्रिका

पत्रिका
17-10-2021

डिस्ट्रिक्ट अपडेट

# खाद्य विभाग ने सोयाबीन तेल और देशी घी के लिए सैंपल



रतलाम. खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की त्योहार के पहले खाद्य सामग्रियों की जांच लगातार की जा रही हैं। शहर के साथ ही जिले के सभी विकासखंडों में पहुंचकर टीम सेंपल एकत्र कर उन्हें जांच के लिए र ाज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेज रही हैं। वहां से रिपोर्ट आने के बाद ही टीम के द्वारा लिए गए सेंपल कितने सही थे और कितने गलत इस बात का खुलासा हो सकेगा।

टीम के द्वारा बाजना में कर्नाटक चौराहा स्थित अजय कुमार लक्ष्मी नारायण किराना से सोयाबीन तेल का सेंपल लिया जबकि कि समीरमल जैन किराना दुकान से देशी घी का सेंपल लिया गया है। जांच के लिए पहुंचे दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रीति मंडोरिया मौजूद थी। इन दोनों ही सेंपल को जांच के लिए अब राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा जाएगा। वहां से रिपोर्ट आने के बाद ही इस बात का खुलासा हो सकेगा कि लिया गया सेंपल कितना शुद्ध है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश जमरा ने बताया जांच दलों के द्वारा बाजना के कुंदनपुर सहित अन्य क्षेत्र में भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्रतिष्ठानों के संचालकों को उनके यहां नियमित रूप से साफ-सफाई करने और गुणवत्ता पूर्ण खाद्य सामग्री ही रखने और उसे ही विक्रय करने के निर्देश दिए।

पत्रिका।
17-10-2021

# एकल प्लास्टिक उपयोग पर चित्रकला प्रतियोगिता

रतलाम। मप्र शासन के पर्यावरण विभाग एप्को भोपाल द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आनलाइन चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें जिले से 100 से अधिक प्रविष्टियां भेजी गई। इसके अतिरिक्त 'सिंगल यूज प्लास्टिक का वर्तमान जीवनशैली व वन्य जीवों पर प्रभाव' विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार में एप्को भोपाल के नोडल अधिकारी महेश मिश्रा व दिलीप चक्रवर्ती ने संबोधन दिया। राज्य स्तरीय वेबिनार में जिला शिक्षा अधिकारी केसी शर्मा, जिला ईको क्लब नोडल अधिकारी गिरीश सारस्वत, जिला मास्टर ट्रेनर कृष्णलाल शर्मा, पर्यावरण क्षेत्र में अग्रणी शिक्षिका सीमा अग्निहोत्री व जिले के कई विद्यार्थियों ने सहभागिता की। चक्रवर्ती ने रतलाम जिले के शासकीय विद्यालय में चल रही पर्यावरण संरक्षण की गतिविधियों पर हर्ष जताया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से अपेक्षा की कि वे स्वयं अपने घर से प्लास्टिक को कम करने का प्रयास करें। घर में एक नियत स्थान पर कपड़े की तीन विभिन्न साइज की थैलियां रखें। अलमारी में जो कपड़े




प्रतिभागी द्वारा बनाया गया चित्र।

प्लास्टिक की थैलियों में रखे हो, उनकी थैलियां हटाएं। प्लास्टिक के कंपास, स्केल, बोतल, लंच बाक्स के स्थान पर स्टील का प्रयोग करें। गिरीश सारस्वत ने बताया कि आजकल अस्पताल के पास की होटल से मरीजों को चाय देने के लिए पालिथीन का प्रयोग किया जाता है, जो बहुत घातक है। इसके लिए विद्यार्थियों को पहल करनी चाहिए। कृष्णलाल शर्मा ने कहा कि गांवों में भी तेल को पालिथीन में ही लाने का प्रचलन हो गया है, जबकि पहले लोग दूध, चाय, तेल के लिए बर्तन घर से लेकर जाया करते थे।

नई दुनिया
17-10-2021

घूमेगा प्रशासनिक बुलडोजर • शहर के विकास का प्लान बनाने के लिए घूमे कलेक्टर

# हद से आगे दुकान बढ़ाने पर तोड़ेंगे, सरकारी भूमि कब्जा मुक्त कराएंगे

## मांगल्य मंदिर पहुंचने के लिए राजबाग कॉलोनी से बनेगी एप्रोच रोड

भास्कर संवाददाता | रतलाम

यदि आपने अवैध अतिक्रमण कर रखा है, तो ये खबर आपको चिंतित कर सकती' है। ऐसा इसलिए क्योंकि दीपावली के बाद प्रशासनिक बुलडोजर घूमाने की तैयारी है यानी जिन दुकानों को आगे बढ़ाया है, उन्हें तोड़ा जाएगा। वहीं, सरकारी जमीनों पर कब्जे को भी प्रशासन हटाएगा।

सरकारी जमीनों पर नजर मारने शनिवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम शहर में निकल गए। कलेक्टर के बाजार क्षेत्र में घूमने के साथ ही व्यापारियों में भी हलचल तेज हो गई। कलेक्टर ने साफ कर दिया है कि जमीनों को खाली करवाकर उसके उपयोग के लिए नए सिरे से प्लानिंग बनाई जा रही है। कलेक्टर शनिवार को माणकचौक, सब्जी मंडी, सज्जमिल, मांगल्य मंदिर में पहुंचे। मांगल्य मंदिर पहुंचने के लिए राजबाग कॉलोनी से एप्रोच रोड बनाने का कहा है।

## सज्जनमिल की खाली जमीन पर मिले रेत के ढेर, स्टॉक की अनुमति नहीं

कलेक्टर माणक चौक शासकीय स्कूल भी गए, बाजार परिसर और सब्जी मंडी का भी निरीक्षण किया। इसके बाद सैलाना बस स्टैंड स्थित मिशनरी कंपाउंड पहुंचकर जमीन को देखा। जहांगीर मिल क्षेत्र की खाली जमीन भी देखी। सज्जन मिल परिसर पहुंचकर खाली जमीन को देखा, परिसर में रेत के ढेर मिले, इसे लेकर कलेक्टर नाराज हुए। स्टॉक की अनुमति नहीं थी, एसडीएम को रेत जब्त करने और प्रकरण बनाने का कहा।



माणकचौक क्षेत्र में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने पैदल घूमकर जायजा लिया।

## 2015 के दिसंबर माह में कलेक्टर बी. चंद्रशेखर शहर में निकले थे तब तत्काल अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया था

- अतिक्रमण को लेकर कलेक्टर का रवैया सख्त दिख रहा है।
- इससे पहले 2015 और 2017 में बड़े स्तर पर अतिक्रमण हटाया था।
- 2015 के दिसंबर में कलेक्टर बी. चंद्रशेखर शहर में निकले थे। साथ ही ट्रैफिक और प्रशासनिक अमला दुकानों के बाहर रखा सामान जब्त करता हुआ चल रहा था।
- पार्किंग को लेकर भी कलेक्टर बी. चंद्रशेखर ने बड़े स्तर पर कार्रवाई की थी। कलेक्टर ने स्पष्ट कर दिया था कि... अतिक्रमण हटा दो, दोबारा करें तो जेल भेजो।

## शहर पुराना है, नवनिर्माण की जरूरत, कानूनी पेंच सुलझाएंगे

*रतलाम शहर पुराना है, यहां नवनिर्माण की जरूरत है। जहां-जहां भी अतिक्रमण है, वहां शासकीय भूमि से कब्जा हटाया जाएगा। कानूनी पेंच सुलझाए जाएंगे। शहर के विकास के लिए बेहतर प्लानिंग होगी। दीपावली बाद अतिक्रमण हटेगा।*

**कुमार पुरुषोत्तम,** कलेक्टर, रतलाम

दै० भास्कर
17-10-2021

### कलेक्टर ने अधिकारियों को साथ लेकर शहर में शासकीय भूमियों का निरीक्षण किया, अतिक्रमण हटाया जाएगा

# रतलाम शहर पुराना है यहां कई नव निर्माण की आवश्यकता है : कलेक्टर

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

रतलाम शहर में उपलब्ध शासकीय भूमियों का निरीक्षण कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा शनिवार को विभिन्न अधिकारियों को साथ लेकर किया गया। आमजन के हित एवं शासन हित में विधायक चेतन्य काश्यप की मंशा अनुसार शासकीय भूमि का उपयोग विभिन्न शासकीय योजनाओं, परियोजनाओं में किया जाएगा। विधायक श्री काश्यप द्वारा शहर में उपलब्ध भूमियों के आमजन के हित में सदउपयोग हेतु निरंतर मानीटरिंग एवं कार्ययोजनाएं तैयार की जा रही है। कलेक्टर के भ्रमण में अपर कलेक्टर एमएल आर्य, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, सिटी एसडीएम अभिषेक गहलोत, नगर निगम कार्यपालन यंत्री सुरेश व्यास, हनीफ शेख, जीके जयसवाल, सिटी तहसीलदार गोपाल सोनी आदि उपस्थित थे।

## प्रबंधक से बच्चों की जानकारी ली

कलेक्टर द्वारा माणक चौक शासकीय स्कूल का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही बाजार परिसर एवं सब्जी मंडी का भी निरीक्षण किया। इसके पश्चात सैलाना बस स्टैंड स्थित मिशनरी कंपाउंड पहुंचकर भूमि का जायजा लिया। यहा संचालित बाल ग्रह प्रबंधक से बच्चों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके बाद जहांगीर मिल क्षेत्र की खाली पडी भूमि देखी। यहां कचरे का ढेर देखकर नाराज हुए। निगमायुक्त को निर्देशित किया कि सफाई की जाए, कचरा हटाया जाए। कलेक्टर अधिकारियों के साथ औद्योगिक क्षेत्र में स्थित मांगल्य मंदिर-परिसर पहुंचे। वहां प्रबंधक से चर्चा की, मंदिर परिसर का अवलोकन करते हुए कलेक्टर द्वारा राजबाग कॉलोनी क्षेत्र से मंदिर तक अप्रोच रोड निर्माण हेतु निर्देशित किया गया।

एसडीएम को निर्देश दिए कि मंदिर परिसर में मौजूद जितने भी व्यक्ति हैं उनका सत्यापन किया जाए। सज्जन मिल परिसर पहुंचकर खाली पड़ी भूमि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रबंधक सज्जन मिल श्री जैन से जानकारी प्राप्त की। परिसर में रेत के ढेर पाए गए। इस पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रबंधक से पूछा गया कि किसकी अनुमति से रेत के स्टॉक की अनुमति दी गई है। संतुष्टि पूर्वक उत्तर नहीं मिलने पर एसडीएम को निर्देश दिए कि रेत को जप्त किया जाए, वाहन भी जप्त कर लिए जाए और प्रकरण बनाया जाए।

कलेक्टर ने कहा कि रतलाम शहर पुराना है यहां कई नव निर्माण की आवश्यकता है। शहर में जहां अतिक्रमण है, वहां शासकीय भूमि पर कब्जा छुड़ाया जाएगा। कानूनी पेचिदगिया भी सुलझाई जाएगी। शहर के विकास के लिए बेहतर प्लानिंग की जाएगी। जिन दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों को अपनी निर्धारित सीमा से आगे बढा दिया गया है ऐसे अतिक्रमण हटाए जाएंगे, यहां कार्य दीपावली पश्चात होगा।

राजएक्सप्रेस
17-10-2021

# नगर निगमकर्मी से अभद्रता करने पर पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा का प्रकरण दर्ज किया

24

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

नगर निगम स्पॉट फाइन अमले के साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर शासकीय कार्य में बाधा डालने पर एक व्यक्ति के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

## किया अपमानित

दिनदयाल नगर थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को नगर निगम का स्पॉट फाइन दल वेदव्यास कालोनी में भ्रमण कर रहा था, इस दौरान वहीं के निवासी कमल जैन के द्वारा कचरा फेंका गया। जिस पर निगम अमले द्वारा उसे रोककर चालानी कार्रवाई की बात कही गई। जिस पर कमल जैन द्वारा निगम कर्मचारी हिमांचल चावरे को जातिसूचक



शब्दों से अपमानित करते हुए शासकीय कार्य में बाधा डाली गई। जिसकी शिकायत निगम अमले द्वारा दिनदयाल नगर थाने पर की गई। शिकायत और वीडियो के आधार पर थाना प्रभारी अशोक कुमार ननामा ने कमल जैन के खिलाफ धारा ३५३ सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

राजएक्सप्रेस
17-10-2021

मामला नवमी को मोहननगर स्थित प्लास्टिक पाइप के गोदाम में लगी भीषण आग का

# रजिस्ट्रार कार्यालय से मांगी गोदाम की जानकारी

रतलाम @ पत्रिका . शहर के मोहननगर में पेट्रोल पंप के पास स्थित प्लास्टिक गोदाम में गुरुवार की सुबह लगी भीषण आग के मामले में औद्योगिक थाना क्षेत्र पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने रजिस्ट्रार कार्यालय से गोदाम के मालिकाना हक के दस्तावेज मांगे हैं। यह गोदाम किसके नाम है और किसे किराए या अन्य प्रयोजन से दिया गया है, इसकी पूरी पड़ताल की जा रही है।

दूसरी तरफ नगर निगम का भी थाने को एक पत्र पहुंचा है जिसमें गोदाम मालिक पर कार्रवाई की बात कही गई है। इस मामले में टीआई ओपी सिंह का कहना है कि इस मामले में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार केस में धाराएं बढ़ाई जाएगी। हादसे को दो दिन बीत चुके हैं। गोदाम के असल मालिक राजेश पगारिया का नाम सामने होने के बाद भी पुलिस उस तक नहीं पहुंची है और न ही पूछताछ के लिए ही बुलाया गया है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है और जल्द ही मालिक को तलब कर लिया जाएगा। गोदाम वैध है या अवैध यह निगम स्वयं अपने कार्यक्षेत्र का होने से तय कर सकती है। निगम को अधिकार है कि वे भी इन पर कार्रवाई कर सकते हैं।

## इन बिंदुओं पर पड़ताल

- गोदाम किसके नाम है, जमीन का असली मालिक कौन है
- गोदाम किराए से लिया गया था या जमीन मालिक का ही है
- गोदाम निर्माण के लिए अनुमति ली गई या नहीं
- सघन क्षेत्र में ज्वलनशील पाइप का गोदाम क्यों बनाया गया
- गोदाम बनाया गया तो सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम क्यों नहीं किए गए

## प्लास्टिक पर रोक की योजना, आगजनी की घटना के बाद जागे जिम्मेदार

मोहन नगर क्षेत्र में प्लास्टिक के गोडाउन में हुई आगजनी की घटना के बाद जिम्मेदार जागे है। घटना के तीन दिन बाद नगर निगम ने समिति बनाकर शहर का सर्वे करने का निर्णय लिया है। सर्वे करने के लिए जो कमेटी बनाई गई है उसको 19 अक्टूबर तक अपनी रिपोर्ट देना है। समिति शहर का सर्वे करके अपनी रिपोर्ट आयुक्त सोमनाथ झारिया को देगी जिसमें शहर में जहां प्लास्टिक के गोडाउन है, उसके बारे में बताया जाएगा। एक माह पूर्व शहर से डिस्पोजल हटाने की योजना बनाई गई थी, अब उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। घटना के बाद ने निर्देश दिए थे कि प्लास्टिक के गोदाम को अन्य स्थान पर स्थानातंरित किया जाए। इसके बाद ही कमेटी बनाई गई है। इस मामले को लेकर डिस्पोजल कारोबारी निगम आयुक्त से मिले थे। एक सप्ताह का समय दिया था। इसके बाद से अब तक कार्रवाई नहीं हुई है।

## वार्ड अनुसार होगा सर्वे

अब नगर निगम के अधिकारी कबाड़ सेंटर, प्लास्टिक, प्लास्टिक से बने सामान, लकड़ी, तेल, आयल, डीजल, गैस सिलेंडर सहित अन्य खतरनाक वो सामान जो आग जल्दी से पकड़ता है, इनके गोडाउन का सर्वे होगा। इस कार्य के लिए नगर निगम के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी जीके जायसवाल को प्रभारी नोडल अधिकारी बनाया गया है। टीम के सदस्यों को अलग-अलग वार्ड का प्रभार दिया गया है।

पत्रिका
17-10-2021

# ज्वलनशील वस्तुओं के गोदामों का होगा सर्वे

नई दुनिया

## निगम आयुक्त ने बनाए छह दल, तीन में देना होगी रिपोर्ट

रतलाम। मोहन नगर में गत दिनों प्लास्टिक पाइप के गोदाम में लगी आग के बाद अब शहर में ज्वलनशील वस्तुओं के गोदामों का सर्वे होगा। इससे पहले नवंबर 2020 मे लक्कड़पीठा क्षेत्र गोदाम में आगजनी के बाद भी सर्वे के लिए पांच दल बनाए गए थे। अब फिर से सर्वे होगा, इसके लिए इस बार छह दल बनाए गए हैं। दल को तीन दिन में सर्वे कर रिपोर्ट देना होगी। इसके बाद ज्वलनशील भंडारण केंद्रों को रहवासी क्षेत्रों से हटाने व सील करने की कार्रवाई की जाएगी।

आगजनी की घटनाएं दोबारा न हो, इसके लिए कलेक्टर व निगम प्रशासक कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने नगर में कबाड़ सेन्टर, प्लास्टिक, प्लास्टिक से निर्मित सामग्री, लकड़ी, तेल, आयल, डीजल, गैस सिलिंडर एवं अन्य खतरनाक वस्तुओं के गोदामों का सर्वे करने के लिए दल गठित कर जीके जायसवाल प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

सर्वे में वार्ड क्रमांक एक से आठ के लिए राजेंद्र मिश्रा उपयंत्री, प्रवीण शर्मा सहायक राजस्व निरीक्षक, महेन्द्रसिंह सोलंकी उप स्वच्छता पर्यवेक्षक, वार्ड 9 से 16 में राजेश पाटीदार उपयंत्री, इलियास मंसूरी सहायक राजस्व निरीक्षक व जय उपाध्याय उप स्वच्छता पर्यवेक्षक, वार्ड 17 से 24 में बृजेश कुशवाह उपयंत्री, राजेन्द्र शर्मा सहायक राजस्व निरीक्षक व आशिष चौहान उप स्वच्छता पर्यवेक्षक, वार्ड 25 से 32 के लिए मनीष तिवारी उपयंत्री, राजेन्द्र वाघेला सहायक राजस्व निरीक्षक व तरूण राठौड़ उप स्वच्छता पर्यवेक्षक, वार्ड 33 से 40 में दीक्षा निजामपुरकर उपयंत्री, प्रदीप उपाध्याय सहायक राजस्व निरीक्षक व सौरभ काला उप स्वच्छता पर्यवेक्षक तथा वार्ड 41 से 49 के लिए अनिता ठाकुर उपयंत्री, विजय कपूर सहायक राजस्व निरीक्षक व मोनिका चौहानउप स्वच्छता पर्यवेक्षक को नियुक्त किया है।

नई दुनिया
17-10-2021

# कचरा फेंका, स्पाट फाइन करने गए तो अभद्रता की

रतलाम @ पत्रिका . डीडीनगर थाने के वेदव्यास कालोनी में सफाई करने के बाद भी एक रहवासी ने सड़क पर कचरा फैंक दिया। निगम का अमला स्पाट फाइन करने गया तो युवक ने बदतमिजी करने के साथ ही जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया। पुलिस ने आरोपी पर दोनों धाराओं में केस दर्ज किया है।

रत्नेश्वर रोड निवासी हिमाचल पिता ईश्वर चावरे 43 ने पुलिस को पताया कि वह नगर निगम में वार्ड क्रमांक 48 में दरोगा के रूप में कार्यरत है। शनिवार की सुबह वेदव्यास कालोनी में सफाई करवा दी गई थी। इसके बाद रहवासी कमल जैन ने दोपहर लगभग करीब 1.15 बजे घर के सामने कचरा फैंका था। इस बात पर वरिष्ठ अधिकारी झोन प्रभारी विनय कुमार चौहान को सूचना दी। कुछ देर बाद विनय साथ मे पर्वत हाड़े भी आए और साथ में चालान बनाने वाली टीम भी आई। कमल जैन को चालानी कार्रवाई की बात कही, किन्तु कमल जैन ने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए विरोध किया। साथ ही शासकीय कार्य में बाधा भी पहुंचाई। पुलिस ने हिमाचल चावरे की रिपोर्ट पर कमल जैन के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा के साथ ही एससी, एसटी एक्ट में केस दर्ज कर लिया है। पत्रिका

पत्रिका
17-10-2021

# कचरा फेंकने पर चालान बनाने पर कर्मचारियों के साथ की बदतमीजी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

वेदव्यास कॉलोनी में सफाई के बाद गंदगी फैलाने पर निगमकर्मी ने चालानी कार्यवाही का कहा तो रहवासी ने सफाई झोन प्रभारी और सफाईकर्मियों से गालीगलौज कर जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया। सफाई दरोगा ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया है।

वार्ड नंबर 48 के सफाई दरोगा रत्नेश्वर रोड निवासी 43 वर्षीय हिमाचल पिता ईश्वरलाल चावरे ने पुलिस को बताया वे सुबह सफाई करवा चुके थे। वेदव्यास कॉलोनी में दोपहर करीब 1:15 कमल जैन के घर के सामने कचरा पड़ा था। झोन प्रभारी विनय चौहान को सूचना दी। झोन प्रभारी के साथ चालान कार्यवाही के लिए टीम आई तो जैन ने सफाई कर्मचारियों को जातिसूचक शब्द कहते हुए काम नहीं करने का आरोप लगाया। कर्मचारियों ने विरोध किया तब भी नहीं माने और शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की। घटना की वीडियो क्लिप भी बनाई है।

दै. भास्कर
17-10-2021

# चालानी कार्रवाई में विवाद, सफाई दरोगा ने कराई एफआइआर

नईदुनिया

रतलाम। दीनदयाल नगर थाना क्षेत्र की वेदव्यास कालोनी में कचरा डालने की बात को लेकर एक व्यक्ति व सफाई दरोगा के बीच विवाद हो गया। सफाई दरोगा हिमांचल चावरे ने आरोपित कमल जैन के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार सफाई दरोगा हिमांचल चांवरे निवासी रत्नेश्वर रोड ने रिपोर्ट की है कि वह वार्ड 48 में नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के सफाई दरोगा के पद पर पदस्थ है। प्रतिदिन अधीनस्थ कर्मचारियों से वार्ड में सफाई कराते है। शनिवार सुबह भी पूरी तरह सफाई कराई गई थी। दोपहर करीब सवा बजे कालोनी में कमल जैन के घर के सामने कचरा फेंका गया, जो उन्होंने देख लिया। इसकी सूचना झोन प्रभारी विनयकुमार चौहान को दी। कुछ देर बाद चौहान व वे चालानी टीम के साथ कमल जैन के पास पहुंचे। चालानी कार्रवाई करने की बात करने पर आरोपित कमल जातिसूचक शब्दों से अपमानित करते हुए कहने लगा कि तुम लोग काम नहीं करते हो। इस प्रकार सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई गई।

नई दुनिया
17-10-2021

**अवैध कब्जों को** खाली कराकर शासन की योजनाओं के लिए काम में लिया जाएगा भूमियों को

# शहर में शासकीय भूमियों को चिन्हित करने कलेक्टर अधिकारियों के साथ उतरे मैदान में

पत्रिका

कलेक्टर के भ्रमण के

पत्रिका सिटी हैपनिंग

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर में स्थित शासकीय भूमियों को चिन्हित करने के लिए शनिवार को कलेक्टर ने स्वयं मोर्चा संभाला। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम राजस्व विभाग और नगर निगम के अधिकारियों को साथ लेकर मैदान में उतर गए। कलेक्टर की माने तो जितनी भी शासकीय भूमि रिक्त पड़ी है या उन पर किसी का कब्जा है तो उसे देखने के बाद उक्त भूमियों का उपयोग विभिन्न शासकीय योजनाओं, परियोजनाओं में किया जाएगा।

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि आमजन के हित एवं शासन हित में विधायक चेतन्य काश्यप की मंशा अनुसार शासकीय भूमि का उपयोग विभिन्न शासकीय योजनाओं, परियोजनाओं में किया जाएगा। विधायक काश्यप द्वारा शहर में उपलब्ध भूमियों के आमजन के हित में सदउपयोग के लिए निरंतर मानीटरिंग एवं कार्ययोजनाएं तैयार



बाजार में उतरकर अतिक्रमण को दे

## माणक चौक से की शुरु

माणक चौक पहुंचकर कलेक्टर यहां थाने के सामने स्थित शासकीय उमा विद्यालय परिसर में पहुंचे और उसका निरीक्षण किया। इसके साथ ही यहां पास में स्थित बाजार और सब्जी मंडी को देखा। यहां के बाद पूरी टीम सैलाना बस स्टैंड स्थित मिशन कंपाउंड पहुंची। टीम ने यहां रिक्त भूमि का जायजा लिया। यहा संचालित बाल ग्रह

की जा रही हैं। कलेक्टर के भ्रमण में अपर कलेक्टर एमएल आर्य, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, सिटी

पत्रिका
17-10 2021

आग ने खोली आंखें • निगम अमले की 6 टीमों को 72 घंटे में देना है शहर की रिपोर्ट

# शहर के बीच चल रहे कबाड़ा बाजार व गोदाम को शिफ्टिंग की है जरूरत

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर में दो दिन पहले लगी भीषण आग ने नगर निगम और प्रशासन की आंख खोल दी है। शनिवार से शहर में गोदाम-कबाड़ा बाजार का सर्वे शुरू हो गया लेकिन इस सर्वे को अंजाम तक पहुंचाने की जरूरत है। अंजाम यानी व्यापारियों को प्रशासन शहर के बाहर जगह देकर शिफ्ट कर सकता है। इसके लिए नए सिरे से प्लान बनना चाहिए।

सैलाना बस स्टैंड और शहर सराय से हाट की चौकी तक कबाड़ा व्यवसाय चलता था, लेकिन अब यह विरियाखेड़ी, सुभाषनगर, दिलीप नगर सहित शहर के आधा दर्जन इलाकों में पहुंच गया है। वहीं कबाड़ा के अलावा व्यापारियों के अन्य सामानों के बड़े-बड़े गोदाम भी बने हुए हैं जो बड़े अग्निकाण्ड का कारण बन सकते हैं। चिंता की बात यह है कि कई इलाके ऐसे भी हैं, जहां आग लगने की स्थिति में फायर ब्रिगेड नहीं पहुंच सकती है।

पांच महीने पहले लक्कड़पीठा क्षेत्र में आग लगी थी लेकिन सुध नहीं ली। अब दो दिन पहले मोहन नगर में आग के बाद प्रशासन सचेत हुआ है। नगर निगम उपायुक्त ने आदेश जारी कर दिया है। इसमें कबाड़ गोदाम, प्लास्टिक से बनने वाली सामग्री, लकड़ी, तेल, ऑइल, डीजल, गैस सिलेंडर व अन्य सभी खतरनाक वस्तुओं के गोडाउन का सर्वे शुरू किया है। इसके लिए 6 दल बनाए गए हैं, तीन दिन में सर्वे पूरा हो जाएगा। सर्वे के बाद ज्वलनशील केंद्रों को रहवासी क्षेत्र से हटाने और सील करने की कार्रवाई शुरू होगी।

## तैयारी : रहवासी क्षेत्र से हादसे का सबब बनने वाले ठिकाने हटाएंगे



यह तस्वीर सैलाना बस स्टैंड के बाजार की है। यहां लकड़ी के पुराने दरवाजे के ढेर हैं, संकरी गली होने से आग लगने की स्थिति में फायर ब्रिगेड पहुंचना भी मुश्किल।

## शहर के प्रमुख कबाड़ा बाजार

**1. शहर सराय-हाट की चौकी-सुभाषनगर**
दुकान - 40 से ज्यादा (बड़े-छोटे)
स्थिति - दुकानों के आगे भी पांच से सात फीट तक पुराना फर्नीचर व अन्य सामान रहता है। सड़क किनारे कबाड़ के ढेर लगे हैं। पुराने फर्नीचर को नया रूप भी दिया जाता है। लोडिंग वाहन सड़कों पर खड़े रहते हैं।

**2. विरियाखेड़ी रोड और आईडीबीआई बैंक के पास**
दुकान - 3-4
स्थिति - दुकानें होने के बावजूद कबाड़ा सड़क पर भी रहता है। ठेला गाड़ी और लोडिंग के कारण जाम होता है। सामान अलग करने के बाद कबाड़ सड़क पर ही रहता है।

**3. वेदव्यास कॉलोनी**
दुकान - 20 से ज्यादा
स्थिति - सूरज हॉल वाली गली और हाट की चौकी क्षेत्र में गलियों में कबाड़ा के गोदाम बने हैं। संकरी गलियां होने पर भी बड़े-बड़े बोरे रखे रहते हैं।

## यह है स्थायी समाधान... शहर के बाहर अलग क्षेत्र बनाएं ताकि दिक्कत न हो

इधर कबाड़ के लिए कवायद लंबे समय से चल रही है लेकिन परिणाम सामने नहीं आया है। स्थाई समाधान यह है कि यदि प्रशासन शहर के बाहरी इलाके में कबाड़ा बाजार बनाकर व्यापारियों को शिफ्ट करवा दें तो शहर से बड़े वाहन का लोड भी कम होगा। एक ही स्थान होने से काम भी बेहतर होगा। ट्रक, लोडिंग आदि भी आसानी से आ जा सकेंगे।

दै. भास्कर
17-10-2021

आवासीय बस्तियों में खतनारक एवं ज्वलनशील वस्तुओं के

# गोदामों का सर्वे करने के लिए आयुक्त ने किया दलों का गठन

रतलाम ● स्वदेश समाचार

भविष्य में आगजनी की घटना घटित न हो इस हेतु कलेक्टर के निर्देश पर नगर निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कबाड़ा सेंटर, प्लास्टिक से निर्मित सामग्री, लकड़ी, तेल, आयल, डीजल, गैस सिलेंडर तथा अन्य खतरनाक एवं ज्वलनशील वस्तुओं के सभी गोडाउन का सर्वे करने हेतु जी.के. जायसवाल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाकर सर्वेक्षण दल गठित किए गए है, जो 19 अक्टूबर तक अपनी रिपोर्ट अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करेंगे।

निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने यह जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड 1 से 8 तक के लिए उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा के साथ प्रवीण शर्मा, महेन्द्रसिंह सोलंकी को दल में लिया गया है। इसके साथ ही वार्ड नं. 9 से 16 में उपयंत्री राजेन्द्र पाटीदार के साथ इलियास मंसूरी, जय उपाध्याय, वार्ड 17 से 24 के लिए ब्रजेश कुशवाह उपयंत्री, इनके साथ राजेन्द्र शर्मा, आशीष चौहान, वार्ड 25 से 32 तक के लिए उपयंत्री मनीष तिवारी के साथ राजेन्द्र वाघेला, तरूण राठौड़ तथा वार्ड 33 से 40 तक उपयंत्री सुश्री दीक्षा निजाम पुरकर के साथ प्रदीप उपाध्याय, सौरभ काला तथा 41 से 49 के लिए उपयंत्री श्रीमती अनिता ठाकुर के साथ विजय कपूर तथा मोनिका चौहान दल में शामिल किए गए है, प्रत्येक दल में उपयंत्री के साथ दो-दो कर्मचारी शामिल किए गए है। यह श्री जायसवाल के निर्देशन तथा नियंत्रण में निर्धारित प्रारूप में जानकारी तैयार करेंगे तथा कार्रवाई से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करवाएंगे। सर्वेक्षण उपरांत खतरनाक ज्वलंतशील केंद्रों को रहवासी क्षेत्रों से हटाने, सील करने एवं वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी।

श्री झारिया ने बताया कि इसके लिए प्रारूप भी निर्धारित किया गया है। समझा जाता है कि पिछले दिनों मोहन नगर क्षेत्र में पेट्रोल पम्प के निकट एक पाइप लाइन की फैक्ट्री में आगजनी की घटना के बाद नगर निगम ने यह कदम कलेक्टर एवं प्रशासक निर्देश पर उठाया है। इस संबंध कलेक्टर ने गुरुवार को अधिकारियों की एक बैठक लेकर आगजनी की घटना की समीक्षा भी की थी।

स्वदेश

17-10-2021

# प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी को कारण बताओ सूचना-पत्र

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जहांगीर ऑइल मिल का निरीक्षण किया था। इस दौरान वहां कचरे के ढेर लगे थे।

इस मामले में आयुक्त सोमनाथ झारिया ने प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी जीके जायसवाल व जोन प्रभारी विनय चौहान को कार्य में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। कलेक्टर ने कचरे का ढेर लगने के मद्देनजर अब संबंधित से तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा है। जवाब मिलने के बाद आगे की कार्यवाही प्रशासन द्वारा की जाएगी। अमले द्वारा खाली प्लॉटों पर कचरा फेंकने के बाद जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। प्रशासन ने लापरवाही के बाद कारण बताओ नोटिस संबंधित को दिया है।

दै. भास्कर
17-10-2021

**कार्रवाई** शासकीय जमीनों से हटाए जाएंगे कब्जे, कलेक्टर ने किया निरीक्षण

# दीपावली के बाद शहर में चलेगी अतिक्रमण हटाने की मुहिम

**रतलाम।** शहर में शासकीय भूमियों पर विकास योजनाओं को लेकर शनिवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने अधिकारियों को साथ लेकर निरीक्षण किया। शासन हित में विधायक चेतन्य काश्यप की मंशा अनुसार शासकीय भूमि का उपयोग विभिन्न शासकीय योजनाओं, परियोजनाओं में किया जाएगा।

निरीक्षण के बाद कलेक्टर ने कहा कि रतलाम शहर पुराना है यहां कई नवनिर्माण की आवश्यकता है। शहर में जहां अतिक्रमण है, वहां शासकीय भूमि पर कब्जा छुड़ाया जाएगा। कानूनी मामले सुलझाकर शहर के विकास के लिए बेहतर प्लानिंग की जाएगी। जिन दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों को निर्धारित सीमा से आगे बढ़ा दिया गया है ऐसे अतिक्रमण दीपावली बाद हटाए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर एमएल आर्य, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, सिटी एसडीएम अभिषेक गहलोत, नगर निगम कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, हनीफ शेख, जीके जयसवाल, सिटी तहसीलदार गोपाल सोनी आदि उपस्थित रहे।

**मांगल्य मंदिर परिसर में रहने वालों का होगा सत्यापन**

कलेक्टर अधिकारियों के साथ औद्योगिक क्षेत्र में स्थित मांगल्य मंदिर परिसर भी पहुंचे। वहां प्रबंधक से चर्चा करने के बाद मंदिर परिसर का अवलोकन करते हुए कलेक्टर ने राजबाग कालोनी क्षेत्र से मंदिर तक अप्रोच रोड निर्माण के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने एसडीएम को निर्देश दिए कि मंदिर परिसर में जितने भी व्यक्ति हैं उनका सत्यापन किया जाए।



माणकचौक क्षेत्र में निरीक्षण करते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम। •नईदुनिया 17-10

**सज्जन मिल परिसर में रेत का अवैध भंडार, जब्त :** निरीक्षण के दौरान सज्जन मिल परिसर पहुंचकर खाली पड़ी भूमि का निरीक्षण कलेक्टर ने किया। इस दौरान परिसर में रेत के ढेर पाए गए। इस पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रबंधक से कलेक्टर ने पूछा कि किसकी अनुमति से रेत का स्टाक किया गया है। संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर कलेक्टर ने एसडीएम को रेत व वाहन जब्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश पर मनोज भंडारी और सुनील पांड्या के खनिज, बालू रेत एवं गिट्टी, चूरी के अवैध भंडारण में कुल 125 घन मीटर खनिज व अवैध भंडारण स्थल से रेत विक्रय करने में उपयोग होने वाले ट्रैक्टर ट्राली को भी जब्त कर पुलिस थाना औद्योगिक क्षेत्र की अभिरक्षा मे रखा गया।

**इस तरह चला निरीक्षण का दौर**

माणकचौक-सुबह करीब 12 बजे कलेक्टर माणक चौक स्थित शासकीय स्कूल पहुंचे। स्कूल परिसर देखने के बाद कलेक्टर ने बाजार परिसर एवं सब्जी मंडी का भी निरीक्षण किया। निगमायुक्त से सब्जी मंडी व स्कूल संबंधी जानकारी दी।

मिशन कंपाउंड- माणकचौक के बाद सैलाना बस स्टैंड स्थित पहुंचकर कलेक्टर ने वहां खाली भूमि का जायजा लिया। परिसर में संचालित बाल गृह प्रबंधक से बच्चों के बारे में भी कलेक्टर ने जानकारी प्राप्त की।

जहांगीर आइल मिल-काटजू नगर से लगी जहांगीर आइल मिल के निरीक्षण के दौरान खाली पड़ी भूमि पर कचरे का ढेर देखकर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए निगमायुक्त को सफाई के निर्देश देते हुए कचरा हटाने के लिए कहा।

नई दुनिया
17-10-2021

# साफ- सफाई के अभाव में फैल रही गंदगी, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान



रतलाम। वार्ड 34 टीआईटी रोड क्षेत्र में सफाई की स्थिति बेहद खराब है। सड़कों के किनारे गंदगी के ढेर जमा हैं। सफाईकर्मी कभी-कभार ही आते हैं। हर जगह नालियां बंद हैं जिसकी वजह से गंदा पानी सड़क पर फैल जाता है, जिसकी वजह से उसमें मच्छर पनप रहे है। मच्छरों की वजह से डेंगू, मलेरिया आदि बीमारियों का खतरा बना हुआ है। वही जिम्मेदारों द्वारा इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कूड़ा-कचरा के उठाव ना होने के कारण गली पर बदबू आती है। दूषित और दुर्गन्धपूर्ण वातावरण के कारण यहाँ से गुजरना भी मुश्किल हो गया है। आजकल प्रधानमंत्री का स्वच्छ भारत अभियान अतिरिक्त रूप से हो रहा है लेकिन स्थानीय स्तर पर कुछ भी नहीं हो रहा है।

17-10-2021

# नगर निगम ने 7,548 आयुष्मान कार्ड बनाए

रतलाम | नगर निगम के आईटी सेल विभाग में आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। 1 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इसमें 176 आयुष्मान कार्ड बनाए हैं। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि अच्छे से इलाज हो और गरीब बीमारी के दौरान आर्थिक बोझ के तले ना दबे इसके लिए आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। लोग जन्म मृत्यु कार्यालय के पास स्थित आईटी सेल में पहुंच आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं।

इससे पूर्व वार्ड वार गठित दलों व उचित मूल्य की दुकानों पर 7,316 कार्ड बनाए गए थे। इस तरह अब तक 7,548 आयुमान कार्ड बनाए जा चुके हैं। शहर में शेष रहे हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड फ्री बनाए जाना हैं। पात्र हितग्राहियों और उनके परिवार सदस्यों का पंजीयन किए जाने के लिए आधार कार्ड व समग्र आईडी दस्तावेज के रूप में लेकर आईटी सेल में पहुंच आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं।

दै. भास्कर
17-10-2021

# हितग्राहियों का घर-घर जाकर किया जा रहा सत्यापन

रतलाम | पेंशन पाने वाले हितग्राहियों का नगर निगम द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन किया जा रहा है। वार्ड दरोगा और कर्मचारी पेंशन पाने वाले हितग्राहियों के घरों पर पहुंच रहे हैं और सत्यापन कर रहे हैं। इसमें विधवा पेंशन, राष्ट्रीय निशक्त पेशन, सामाजिक सुरक्षा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, निशक्त पेंशन, मानसिक बहु विकलांग, सहित पेंशन प्राप्त करने वालों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। जांच के दौरान नगर निगम की टीम द्वारा बीपीएल राशन कार्ड, समग्र आईडी, बैंक खाते की पास बुक, निवासी, जन्म, आयु प्रमाण पत्रों सहित अन्य पत्रों के आधार पर भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। नगर निगम ने हितग्राहियों से गुजारिश की है कि वे दस्तावेज उपलब्ध कराएं।

दै. भास्कर
17-10-2021

रतलाम कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने अधिकारियों के साथ किया शहर का भ्रमण

# अनुपयोगी सरकारी जमीन से कब्जे हटेंगे जेवीएल, ऑइल मिल का बदलेगा स्वरूप

## मिशन कम्पाउंड और सज्जन मिल सहित अन्य कई पुराने भवन और भूमियों का भी शहर विकास में होगा इस्तेमाल


पीपुल्स संवाददाता ● रतलाम

मो.नं. 9826486291


शहर में अनुपयोगी सरकारी जमीन से कब्जे हटाए जाएं। शहर के विकास के लिए जहां खंडहर हैं, वहां योजनाबद्ध तरीके से नए निर्माण होंगे। कानूनी अड़चनों को दूर किया जाएगा और अतिक्रमण टूटेगा। जेवीएल मंदिर, माणकचौक स्कूल, आईल मिल, मिशन कम्पाउंड, सज्जन मिल का रूप बदलेगा।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने शनिवार को अलग-अलग विभागों के अधिकारियों के साथ शहर का भ्रमण किया। उन्होंने शहर के पुराने शासकीय स्थल और भूमि देखे जहां नवनिर्माण की जरूरत है। अधिकारियों के साथ प्लानिंग भी की गई, कि किस स्थान को किस तरह से इस्तेमाल किया जाएगा। कलेक्टर ने इस दौरान निर्देशित भी किया कि शहर विधायक चैतन्य काश्यप और जनप्रतिनिधियों की मंशानुसार इस विषय में विभागों द्वारा जल्द योजना तैयारी की जाए। ताकि इन स्थानों को शासकीय कार्यों व जनता के लिए फिर से उपयोग में लाया जा सके। उनके साथ अपर कलेक्टर एम एल आर्य, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, सीटी एसडीएम अभिषेक गहलोत, तहसीलदार गोपाल सोनी आदि उपस्थित थे।



**दुकानों का भी टूटेगा अतिक्रमण-** कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से दीपावली के बाद क्षेत्रवार अतिक्रमण की रिपोर्ट बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन दुकानदारों ने अपनी भूमि से आगे बढ़कर निर्माण कर लिए हैं, उनकी सूची बनाई जाए। बाजारों और अन्य स्थानों से ऐसे अतिक्रमण भी दूर किए जाएंगे ताकि शहर विकास की योजनाओं को अमल में लाया जा सके।

### जेवीएल में करवाया सत्यापन, सज्जनमिल पर मांगा जवाब

कलेक्टर मांगल्य मंदिर (जेवीएल) परिसर पहुंचे जहां मंदिर देखकर कहा कि यह पर्यटकों के लिए खूबसूरत स्पॉट बन सकता है। एसडीएम को निर्देश दिया कि मंदिर परिसर में मौजूद जितने भी व्यक्ति हैं उनका सत्यापन किया जाए। यहां से वे सज्जन मिल परिसर पहुंचें जहां खाली पड़ी भूमि और भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने पाया कि यहां बहुत जगह है, लेकिन भवन पुराना है। निरीक्षण के दौरान परिसर में रेत के ढेर पाए जाने पर कलेक्टर ने सज्जन मिल प्रबंधक को तलब किया। नाराजगी जताते हुए पूछा कि रेट के स्टॉक किसकी अनुमति से यहां किया जा रहा है। संतुष्टिपूर्वक जवाब नहीं मिलने पर एसडीएम को रेत और डंपर जप्त करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रकरण भी बनाया गया।

### कचरे के ढेर देख कलेक्टर हुए नाराज

कलेक्टर ने सुबह माणक चौक शासकीय स्कूल का निरीक्षण किया। यहां नवनिर्माण के बाद की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई। सब्जी मंडी सहित आसपास के बाजार का भी पैदल निरीक्षण किया। यहां से टीम सहित मिशन कम्पाउंड पहुंचे। भूमि का जायजा लेने के साथ यहां संचालित अनाथालय के बारे में पूछा। जहांगीर मिल पहुंचे जहां, खाली भूमि पर कचरे के ढेर देखकर कलेक्टर ने नाराजगी जताई। उन्होंने निगम आयुक्त को उसी समय पूरी सफाई करवाने के निर्देश देते हुए कहा, कि शहर में अन्य खाली जमीनों पर भी कचरे के ढेर हटाए जाएं।

पीपुल्स समाचार

17-10-2021

# कलेक्टर ने बैठक में की शुद्धीकरण पखवाड़े की तैयारियों की समीक्षा

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा शासन के शुद्धिकरण पखवाडे के संबंध में आयोजित बैठक में राजस्व अभिलेखों में सुधार कार्यों की समीक्षा की गई। अपर कलेक्टर एमएल आर्य, एसडीएम अभिषेक गहलोत, तहसीलदार गोपाल सोनी आदि उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर द्वारा फोती नामांतरण, रिक्त भूमि स्वामी प्रकार, पटवारियों का ओरियंटेशन, विभिन्न राजस्व त्रुटियों में सुधार तरमीम आदि की समीक्षा की गई।



कलेक्टर ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में राजस्व विभाग की लंबित शिकायतों के निपटारे की भी समीक्षा बैठक में की। कलेक्टर द्वारा गत दिनों आलोट में की गई भूमि संबंधी गडबडी का जिक्र करते हुए स्पष्ट चेतावनी दी गई कि भूमि के मामले में गडबडी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा, सख्त कार्रवाई होगी। भूमि के मामले में षड्यंत्र रचने वालों के विरुद्ध सख्त एक्शन लिया जाएगा।

२१७

राजएक्सप्रेस 17-10-2021

ईद मिलादुन्नबी : मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में जश्न के साथ मनाएंगे पर्व

# नहीं निकलेगा जुलूस, प्रशासन को परमिशन के नहीं मिले निर्देश

## जुलूस की परमिशन को लेकर समाजजन प्रयासरत

भास्कर संवाददाता | रतलाम

पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्मदिन यानी ईद मिलादुन्नबी मंगलवार को है। हर साल इस दिन सीरत कमेटी के तत्वावधान में मुस्लिम समाजजनों द्वारा जुलूस निकाला जाता है। कोरोना काल के चलते यह दूसरा साल है जब जुलूस की परमिशन नहीं दी गई है। जुलूस की परमिशन के लिए समाज प्रयास कर रहे हैं। समाजजन बहुल क्षेत्र में उत्साह के साथ ईद मिलादुन्नबी मनाई जाएगी।

ईद मिलादुन्नबी पर मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में जश्न का माहौल रहेगा। समाजजन झंडे फहरा कर तबर्रुक मिठाई आदि तक्सीम करके पैगंबर साहब का जन्मदिन मनाएंगे। ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर कई मुस्लिम क्षेत्रों में 12 रोजा तकरीर का आयोजन चल रहा है, जो मंगलवार को समाप्त होगा। चीफ काजी सैयद आसिफ अली ने बताया कि प्रदेश में लगभग सभी लोगों को वैक्सीन लग चुकी है और हालात धीरे-धीरे सामान्य होते जा रहे हैं। शहर में पिछले कई दिनों से एक भी कोरोना वायरस का मरीज नजर नहीं आया है।

इन सभी बातों को देखते हुए मुस्लिम समाज में ईद मिलादुन्नबी मनाए जाने के लिए उत्साह है। इस दिन मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में जश्न मनाया जाएगा। उन्होंने बताया इस साल मुस्लिम समाज के गणमान्य नागरिक प्रशासन से जुलूस की अनुमति लेने के लिए प्रयासरत है, लेकिन जिला प्रशासन ने जुलूस की अनुमति प्रदान नहीं की है। उन्होंने जिला प्रशासन से जुलूस निकालने की अनुमति देने की मांग की है।

## जुलूस को लेकर हमारे पास आदेश नहीं आया है

*ईद मिलादुन्नबी के दिन निकलने वाले जुलूस को लेकर हमारे पास नए आदेश नहीं आए हैं। पुरानी गाइडलाइन के अनुसार धार्मिक व अन्य कार्यक्रमों की परमिशन दी जा रही है। जुलूस को लेकर नई गाइडलाइन आएगी तो उसके अनुसार परमिशन दी जाएगी।*

**अभिषेक गेहलोत,** शहर एसडीएम

दै. भास्कर

17-10-2021

# आज नगर निगम दो बत्ती पर करेगा पोल शिफ्ट

**रतलाम @ पत्रिका** . शहर में चल रहे सिटी फोरलेन निर्माण के चलते रविवार को नगर निगम दो बत्ती क्षेत्र में पोल शिफ्ट का कार्य करेगा। ऐसे में चार घंटे तक शहर की कई कॉलोनियों में बिजली बंद रहेगी।

दो बत्ती पर 33केवी की लाइन 11 केवी दो बत्ती फीडर, 11काटजू नगर, 11केवी एमसीएच फीडर,11केवी कलेक्टोरेट फीडर का पोस्ट मानसून मेंटेनेंस कार्य किया रविवार को होगा। जिससे महू रोड, महू रोड बस स्टैंड, गीता मंदिर रोड, मित्र निवास रोड, डाट की पुल, पॉवर हाउस रोड, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, लोकेंद्र भवन, सिंडिकेट बैंक, फीगंज, दो बत्ती, डीआरएम ऑफिस, पुलिस लाइन, रोटरी हॉल, अजंता पैलेस, न्यू रोड, राजस्व कॉलोनी, पत्रकार कॉलोनी, श्रम शिविर, काटजू नगर, वेद व्यास कॉलोनी, पॉवर हाउस रोड, शास्त्री नगर, लोकेन्द्र टॉकिज चौराहा, जेल रोड, जिला अस्पताल, घोडा चौक, कोर्ट परिसर, जिला पंचायत, छत्रिपुल, रितुराज संपवेल आदि क्षेत्रों में बिजली आपुर्ति दोपहर 12से 4 बजे तक बंद रहेगी।

प/त्रिका
17-10-2021

# शास्त्रीनगर फोरलेन निर्माण के लिए सर्वे शुरू



रतलाम | शास्त्रीनगर के मेन रोड के लिए फोरलेन बनना है। इसके लिए सर्वे शुरू हो गया है। स्मार्ट सिटी योजना के तहत पॉवर हाउस रोड से न्यू रोड तक शास्त्रीनगर की मुख्य सड़क फोरलेन बनना है। इसके लिए कंपनी सर्वे कर रही है।

द० भास्कर
17-10-2021

# कचरा कलेक्शन वाहन नदारद, अब कहां डालें कचरा

## दीपावली की सफाई होने से लोगों के घरों में दोगुना कचरा निकल रहा लेकिन कचरा गाड़ियां तीन से सात दिन में पहुंच रही

भास्कर संवाददाता | रतलाम

दीपावली में अब 17 दिन बचे हैं। ऐसे में लोगों के घरों में सफाई चल रही है और आम दिनों के मुकाबले दोगुना कचरा निकल रहा है लेकिन कचरा वाहन लोगों के घरों तक नहीं पहुंच रहे हैं। अब लोग यदि सड़क पर कचरा फेंके तो निगम जुर्माना लगा देता है लेकिन निगम खुद ही कचरा वाहन नहीं भेज रहा है। इससे कचरा फेंकना बड़ी समस्या बन गया है।

ये स्थिति तब है जब नगर निगम शहर में स्वच्छता अभियान चला रहा है और रोजाना 74 टन कचरा ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाने का दावा कर रहा है लेकिन हकीकत इसके उलट है। लोगों के घरों तक निगम के कचरा वाहन तीन दिन से एक सप्ताह में पहुंच रहे हैं। बावजूद निगम के जिम्मेदार अफसरों को चिंता नहीं है। इससे लोगों के घरों में ही कचरे के ढेर लग रहे हैं। जबकि दीपावली नजदीक है। घरों में चल रही सफाई से दोगुना कचरा निकल रहा है। ऐसे में निगम को रोज कचरा उठाना चाहिए लेकिन निगम लोगों के घरों तक समय पर वाहन ही नहीं भेज पा रहा है।

### तीन दिन और एक सप्ताह में आती है कचरा गाड़ी

सज्जन विहार कॉलोनी में शनिवार को एक सप्ताह बाद कचरा गाड़ी पहुंची। क्षेत्र के हितेंद्र उपाध्याय ने बताया कचरा वाहन रेगुलर नहीं आता है। तीन से चार दिन पहले दूसरे वार्ड की गाड़ी गुजर रही थी। इससे मजबूरी में उसमें कचरा डालना पड़ा। लोगों के घरों में दीपावली की सफाई चल रही है। इससे कचरा ज्यादा निकल रहा है। लेकिन निगम लापरवाह बना हुआ है। इससे कचरा वाहन के लिए एक सप्ताह का इंतजार करना पड़ रहा है। सज्जन मिल रोड निवासी राकेश आचार्य ने बताया तीन दिन में कचरा गाड़ी आती है। घर के बाहर कचरा भी नहीं फेक सकते हैं क्योंकि फेंकेंगे तो निगम के अफसर आकर जुर्माना कर देंगे। इससे घर में कचरा इकट्ठा करना पड़ रहा है। दीपावली की सफाई चल रही है। इससे पहले ही ज्यादा कचरा निकल रहा है। ऊपर से वाहन तो



अमृतसागर तालाब के पास में यह हाल है।

आ ही नहीं रहे हैं। कभी गाड़ी खराब होने तो कभी खाली होने में देर लगने का बहाना बनाया जा रहा है। इससे लोग आखिर करें तो क्या करें। थावरिया बाजार मेहताजी का वास में भी यही समस्या है। क्षेत्र के महेंद्रसिंह ने बताया तीन दिन में कचरा वाहन आता है। जैसे ही वाहन आता है लोग कचरा डालते हैं तो यह जल्दी भर जाता है।

### प्रभारी बदले, लेकिन नहीं बदली व्यवस्था

कलेक्टर की नाराजगी के बाद एक सप्ताह पहले आयुक्त सोमनाथ झारिया ने स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी बदल दिए थे। पहले स्वास्थ्य विभाग का जिम्मा एपी सिंह के पास था। लेकिन हटाकर उनकी जगह सिटी इंजीनियर जीके जायसवाल को सौंप दिया था। शनिवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निरीक्षण के दौरान कचरे का ढेर मिलने पर नाराजी जताई। वे जहांगीर मिल क्षेत्र की खाली पड़ी भूमि देखने पहुंचे थे तो यहां कचरे का ढेर लगा था। इसे देखकर वे नाराज हुए। उन्होंने निगमायुक्त को निर्देशित किया कि सफाई की जाए, कचरा हटाया जाए।

दै. भास्कर
17-10-2021

ट्रांसपोर्ट नगर पर बैठक, विधायक चैतन्य काश्यप तथा कलेक्टर द्वारा एसोसिएशन के साथ चर्चा कर योजना को अंतिम रुप दिया गया

इन्दौर समा 17 10 21

# अक्टूबर अंत तक ट्रांसपोर्ट नगर के नक्शे को दिया जाएगा अंतिम रूप

## 15 नवंबर तक प्राधिकरण टेंडर कार्रवाई पूर्ण करेगा

रतलाम। रतलाम के समीप सालाखेड़ी ग्राम में प्रस्तावित ट्रांसपोर्ट नगर निर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गुरुवार को आयोजित की गई। रतलाम शहर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के साथ विधायक चेतन्य काश्यप तथा कलेक्टर कुमार पुरुषोतम द्वारा चर्चा करते हुए योजना को अंतिम रूप दिया गया। ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की मांग के अनुरूप जरुरी संशोधनों के उपरांत ट्रांसपोर्ट नगर के नक्शे को जारी अक्टूबर माह अंत तक अंतिम रूप दे दिया जाएगा। आगामी 15 नवंबर तक ट्रांसपोर्ट नगर में अधोसंरचना निर्माण के लिए टेंडर कार्रवाई प्राधिकरण द्वारा पूरी कर ली जाएगी।

बैठक में कंसल्टेंसी द्वारा प्रस्तावित ट्रांसपोर्ट नगर योजना का प्रजेंटेशन दिया गया। इस दौरान रतलाम विकास प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती जमुना भिड़े, एसोसिएशन के पदाधिकारी प्रदीप छिपानी, वीरेंद्र श्रीमाल, आशीष बाकलीवाल, प्रहलाद राठी आदि उपस्थित थे। बताया गया कि 18 हेक्टेयर भूमि पर निर्मित होने वाले ट्रांसपोर्ट नगर में 5000 स्कायर फीट के करीब 32 प्लॉट तथा 10000 स्कायर फीट आकार के लगभग 48 प्लाट रहेंगे। करीब 40 छोटी दुकानें रहेंगी। विधायक श्री काश्यप ने कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर के लिए चयनित भूमि वर्तमान परिस्थिति में उपलब्धता की दृष्टि से सबसे उपयुक्त लोकेशन है। ट्रांसपोर्ट नगर की भूमि फ्री होल्ड रहेगी। कलेक्टर कुमार पुरुपोत्तम ने बताया कि प्रस्तावित ट्रांसपोर्ट नगर सर्वसुविधायुक्त रहेगा। अच्छी लोकेशन पर ट्रांसपोर्ट नगर बनने जा रहा है जहां 24-24 मीटर की सड़के बनाई जाएंगी, किसी स्थिति में भी 18 मीटर चौड़ाई से कम की कोई सड़क नहीं होगी। इस प्रकार विकसित किया जाएगा कि अतिक्रमण की भविष्य में कोई गुंजाइश नहीं रहेगी। कलेक्टर ने कहा कि ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की मांग अनुरूप ट्रांसपोर्ट नगर में सभी सुविधाएं पूर्व से ही सुनिश्चित कर ली गई है। ट्रांसपोर्ट नगर में 200 ट्रक क्षमता की आधुनिक पार्किंग बनाई जाएगी। पब्लिक टॉयलेट, फायर स्टेशन, वाटर सप्लाई लाइन, अंडरग्राउंड इलेक्ट्रिसिटी वायरिंग, कैंटीन, सीसीटीवी, एटीएम, रिपेयर शॉप इत्यादि सुविधाएं निर्मित की जाएंगी। मोबाइल टावर के लिए स्थान सुरक्षित रखा जाएगा। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि कुछ बैंकों द्वारा अपनी शाखाएं स्थापित करने की इच्छा जताई गई है। कलेक्टर ने कहा कि बैंकों के लिए भी स्थान व्यवस्था की जाएगी, कंट्रोल रूम भी बनाया जाएगा। विधायक श्री काश्यप ने निर्देश दिए कि ट्रांसपोर्ट नगर में आंतरिक पार्किंग की भी बेहतर व्यवस्था हो जिससे विजिटर को दिक्कत नहीं आए। श्री काश्यप ने फायर हाइड्रेंट की सुविधा -100 मीटर होज पाइप के साथ उपलब्ध कराने, ऑप्टिकल फाइबर बिछाने लोकल वाईफाई सुविधा देने, अंदरूनी आवागमन को आसान बनाने के संबंध में भी महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए आवश्यक निर्देश दिए। श्री काश्यप ने जीएसटी तथा एमओएस के संबंध में भी चर्चा की। कलेक्टर कुमा पुरुषोत्तम ने कहा कि नक्शा फाइनल करने के पश्चात ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन को दिखाया जाएगा, उसके बाद ही आगामी कार्रवाई की जाएगी। नक्शा फाइनल उपरांत रतलाम विकास प्राधिकरण द्वारा भूमि पर विकास का किए जाएंगे। इसके लिए 15 नवंबर तक टेंड कर लिए जाएंगे। इसके तहत नाल चैनेलाइजेशन, साइट लेवलिंग, सीसी रो निर्माण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सरफेस वर्क एरिया, लैंडस्कैपिंग, आरसीसी संपवेल ट्यूबवेल, गेट निर्माण, सीवेज और हेडटैंक बाउंड्रीवाल, वाटर सप्लाई लाइन, आरसीस रोड, कलवट, रोड ड्रेन निर्माण इत्यादि का कराए जाएंगे। संभवतः जनवरी माह से प्ला विक्रय कार्य आरम्भ हो जाएगा।

4

इन्दौर समाचार

17-10 2021

डेंगू का प्रकोप बढ़ रहा

# 13 सैंपलों की जांच हुई, 2 लोग निकले पॉजिटिव

रतलाम | जिले में डेंगू के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। शनिवार को 13 सैंपल की जांच की गई इसमें से दो लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव निकली। जिले में अब तक 400 से ज्यादा सैंपल पॉजिटिव आ चुके हैं।

शहरवासी कोरोना के बाद अब डेंगू से जंग लड़ रहे हैं। सरकारी अस्पताल के साथ ही निजी अस्पतालों में भी मरीजों की भीड़ है। इस साल सर्वाधिक मामले सामने आए हैं। इधर शहर में सर्वे भी किया जा रहा है। इसमें डेंगू का लारवा मिल रहा है। मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति ने बताया पानी की टंकी और कंटेनर में सबसे ज्यादा लारवा मिल रहा है। ऐसे में सावधान रहने की जरूरत है। घरों में लार्वा को ना ही पनपने दें।

## कोरोना के 0 मामले

इधर, बड़ी राहत यह है कि कोरोना के मामले मिलना अब बंद हो गए हैं। शनिवार को भी एक भी केस सामने नहीं आया है। जिले में अभी एक्टिव केस भी 0 बने हुए हैं। अब तक कुल 3.13 लाख लोगों की जांच की जा चुकी है। इसमें 17506 लोग पॉजिटिव आए हैं।

# 94 हजार से ज्यादा लोगों का सेकंड डोज बाकी

**वैक्सीनेशन** : अब फिर शुरू होगा महाअभियान

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में वैक्सीन का दूसरा डोज लगवाने वालों की संख्या कम है। अब तक 94 हजार से ज्यादा ऐसे लोग हैं, जिन्हें दूसरा डोज लगना बाकी है। दूसरे डोज को लेकर लोगों की लापरवाही देख प्रशासनिक अमला भी चिंता में है। आगामी दो दिन में ही जिले में महाअभियान शुरू करने की तैयारी की जा रही है।



कोरोना वैक्सीनेशन में जिले में अभियान चलाकर पहले डोज तो लगा दिए, लेकिन अब लोग दूसरा डोज लगवाने नहीं आ रहे हैं। आलम ऐसा है कि जिले में 11 लाख में से 10.12 लाख लोगों को वैक्सीन का पहला डोज लग गया है, जोकि 92 प्रतिशत है, लेकिन दूसरा डोज लगवाने वाले 3.50 लाख लोग ही हैं। बाजना और सैलाना में दूसरा डोज सबसे कम लगा है। बाजना में सिर्फ 1[illegible] प्रतिशत और सैलाना में 16.8[illegible] प्रतिशत लोगों ने ही दूसरा टीका लगवाया है। जिले में अभी सबसे ज्यादा रतलाम शहर में 59.6[illegible] प्रतिशत लोगों को ही वैक्सीन का दूसरा टीका लगा है। इधर, शहर में फिर अभियान चलाने की तैयारी की जा रही है। ताकि, ज्यादा से ज्यादा लोगों को दूसरा डोज लगाया जा सके।

दै. भास्कर 17-10-21

# डेंगू के दो नए मामले, बरामदे में उपचार ले रहे बच्चे

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** एलाइजा जांच की 11 रिपोर्ट में शनिवार को डेंगू के दो नए मामले मिले और 62 घरों में लार्वा मिला है। डेंगू के नए मामलों में कुछ कमी आई है। इस साल का कुल मरीजों का आंकड़ा 427 पहुंच गया, इसमें जिला अस्पताल और मेडिकल कालेज लैब की एलाइजा जांच रिपोर्ट के डेंगू पाजिटिव मरीज शामिल है। वहीं एंटीजन जांच में शनिवार को भी नए मामले मिले।

जिला अस्पताल, बालचिकित्सालय में बेड खाली नहीं रहे। बाल चिकित्सालय में तो बच्चों को वार्ड के बाहर बरामदे में लेटाकर उपचार देना पड़ रहा है। बच्चों में डेंगू के साथ मौसमी बुखार भी तेजी फैला है, जिसके कारण 14 साल से कम उम्र वाले बीमार बच्चों से वार्ड भरा है। अब बरामदे में बाहर लेटाकर उपचार दिया जा रहा है। निजी अस्पतालों में भी बेड खाली नहीं मिल रहे। हालांकि नए मामलों में आई कमी से मेडिकल कालेज में बेड खाली है। वहां 250 से अधिक मरीज हैं।

शनिवार को शहर में 635 घरों में सर्वे हुआ, जिसमें 62 घरों में लार्वा मिला, जिसे नष्ट कराया गया। सहायक मलेरिया अधिकारी वसुनिया ने बताया कि दो नए डेंगू के मरीज मिले हैं। बुखार के संदिग्ध मरीज भी मिले हैं, जिनका उपचार चल रहा है और डेंगू की जांच कराई जाएगी। सिविल सर्जन डा. आनंद चंदेलकर ने बताया कि बच्चों मौसमी बीमारियों के साथ डेंगू निकल रहा है। गंभीर मामले कम हैं, लेकिन अभी तो इतने बच्चे बीमार हो रहे कि बेड कम पड़ गए हैं। किसी तरह उपचार देने की व्यवस्था हम बना रहे हैं।

**मंदसौर।** शिवना नदी को प्रदूषण दूर करने के लिए तमाम उपायों के बाद भी नदी में गंदगी बढ़ती ही जा रही है। हाल ही में हुए नवरात्र विसर्जन के दौरान भी नगर पालिका लोगों को ठीक से रोक नहीं पाई और मुक्तिधाम के पास ही फूल मालाएं व अन्य सामग्री जमा हो गई है।



बाल चिकित्सालय में बरामदे में बच्चों को उपचार देना पड़ रहा है।

नईदुनिया 17-10-2021

# डेंगू के बढ़ते मामलों के बीच नगर निगम की लापरवाही उजागर

पत्रिका न्यूज पंच

## तय समय और स्थान पर नहीं हो रही फॉगिंग, निगम की समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने मानी गलती

रतलाम. शहर में डेंगू के बढ़ते मामलों के बीच नगर निगम की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है। यह हम नहीं बल्कि स्वयं निगम के जिम्मेदार भी मान रहे हैं। दरअसल डेंगू और मलेरिया के बढ़ते मामलों को रोकने के लिए मच्छरों को मारने के लिए नियमित रूप से सुबह-शाम फॉगिंग करने की व्यवस्था की गई थी जो कि निगम नहीं कर पा रहा है। इस बात का खुलासा हालही में नगर निगम द्वारा आयोजित समीक्षा बैठक में हुआ है, जिसमें अधिकारियों ने माना कि कई क्षेत्रों में निर्धारित स्थल और समय पर फॉगिंग नहीं की जा रही है।

जिम्मेदारों द्वारा काम में की गई इस चूक पर भी उन्हें सिर्फ चेतावनी देकर छोड़ दिया गया है। दरअसल मलेरिया और डेंगू के बढ़ते मामलों के बीच इन पर रोक लगाने के लिए निगम द्वारा हर दिन अलग-अलग क्षेत्रों में शिफ्ट के साथ समय तय किया गया था लेकिन इतना सब होने के बाद भी शहर के कई इलाके ऐसे है जहां पर फॉगिंग का कार्य नहीं हो रहा है। फॉगिंग कार्य को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों पर वस्तु स्थिति का पता लगाने के लिए निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने समीक्षा बैठक आयोजित की थी, जिसमें इस बात का खुलासा हुआ कि नियमित रूप से फॉगिंग का काम नहीं हो पा रहा है।

### नई व्यवस्था से होगी फॉगिंग


फॉगिंग कार्य के लिए निगम के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी को नए सिरे से इसकी जिम्मेदारी सौंपी है। इसके तहत नियमित रूप से सभी वार्डों में फॉगिंग कार्य के लिए चार गाड़ियां चलाई जाएगी। इनके माध्यम से सभी जगह पर फॉगिंग कार्य किया जाएगा। फॉगिंग वाहनों के साथ नियमित रूप से स्पॉट फाइन के दल भी घूमेंगे। इसके अतिरिक्त फॉगिंग का यह काम सुबह और शाम को चार-चार घंटे तक किया जाएगा। इसके लिए समय भी तय किया है। साथ ही 49 वार्डों की सूची भी तैयार की गई है कि किस वार्ड में कब से कब तक फॉगिंग कार्य किया जाएगा।

पत्रिका 17-10-2021

**पत्रिका ने उठाया था मुद्दा,** शुद्धीकरण पखवाड़े को लेक... ...जित बैठक में कलेक्टर ने राजस्व विभाग की शिकायतों की समीक्षा की

# सीएम हेल्पलाइन समीक्षा में कलेक्टर सख्त, जल्द हो शिकायतों का निराकरण

लगातार



पत्रिका
प्रकाशित खबर



बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में राजस्व विभाग की लंबित शिकायतों को लेकर कलेक्टर ने सख्ती दिखाई है। कलेक्टर कुमार पुरषोत्तम ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में शिकायतों के निराकरण में हो रही देरी पर नाराजगी जताई है। कलेक्टर ने तय समय में मामलों का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही चेतावनी भी दी कि यदि किसी ने कोई गड़बड़ी की तो उसके लिए खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सीएम हेल्पलाइन में शिकायतों का तय समय में निराकरण नहीं किए जाने के संबंध में पत्रिका द्वारा 14 अक्टूबर के अंक में समाचार प्रकाशित कर प्रशासन का ध्यान इस ओर आर्कषित किया था, जिसके बाद कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में जिम्मेदारों की लापरवाही पर नाराजगी जताई और तय समय सीमा में काम करने के निर्देश दिए हैं। इतना ही नहीं गड़बड़ी के मामले में कलेक्टर ने आलोट में की गई कार्रवाई का हवाला भी दिया है।

कलेक्टर ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में राजस्व विभाग की लंबित शिकायतों के निपटारे की भी समीक्षा के दौरान द्वारा गत दिनों आलोट में की गई भूमि संबंधी गड़बड़ी का जिक्र करते हुए स्पष्ट चेतावनी दी गई कि भूमि के मामले में गड़बड़ी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा, सख्त कार्रवाई होगी। भूमि के मामले में षड्यंत्र रचने वालों के विरुद्ध सख्त एक्शन लिया जाएगा।

## शुद्धिकरण पखवाड़े की तैयारियों का लिया जायजा

शुद्धिकरण पखवाड़े के संबंध में शनिवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा इसकी तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक बुलाई गई। कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में राजस्व विभाग के अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे। अभियान के तहत अभिलेखों में सुधार कार्य के साथ ही फोती नामांतरण, रिक्त भूमि स्वामी प्रकार, पटवारियों का ओरियंटेशन, विभिन्न राजस्व त्रुटियों में सुधार तरमीम आदि की समीक्षा की गई।

## तीन दिन में सीएम हेल्पलाइन की 34 शिकायत नहीं कटी तो वेतन रुकेगा

### फैक्ट फाइल

| अधिकारी का नाम | विभाग | 100 दिन से लंबित | 300 दिन से लंबित |
|---|---|---|---|
| ज्योति सुनारिया | श्रम विभाग | 1 | 3 |
| हनीफ शेख | पेयजल | 24 | 1 |
| सुरेशचंद्र व्यास | पीएम आवास | 1 | 0 |
| जीके जायसवाल | स्वास्थ्य विभाग | 1 | 0 |
| एसपी आचार्य | विकासशाखा | 2 | 1 |
| **कुल** | | **29** | **5** |

रतलाम. नगर निगम में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर की गई 34 शिकायते ऐसी हैं जो 100 दिन से लेकर 300 दिन तक लंबित हैं। इनमे 5 शिकायत 300 दिन से तो 29 शिकायत 100 दिन से लंबित हैं जिनका निराकरण नगर निगम नहीं कर पा रहा है। अब नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने ऐसे मामले में विभाग प्रमुखों को नोटिस देकर तीन दिन में इनका समाधान करने को कहा है। अगर समाधान नहीं होता है तो इन अधिकारियों का वेतन रोक दिया जाएगा।

नगर निगम में 100 दिन से लंबित 29 शिकायत में से सबसे अधिक जलविभाग की है। यह वो शिकायत है जो आमजन ने समय पर नल में पानी नहीं आने, मटमेला पानी निरंतर आने आदि को लेकर की है। इसी प्रकार 300 शिकायत में निगम के श्रम विभाग की सबसे अधिक 3 लंबित है जिनका निराकरण अब तक नहीं हुआ है। अब सभी को आयुक्त झारिया ने 19 अक्टूबर तक का समय देकर कहा है कि तब तक समाधान नहीं हुआ तो अक्टूबर माह का वेतन रोक दिया जाएगा।

पत्रिका
17-10-2021

# दावों से हकीकत में नहीं बदला सड़कों की मरम्मत का काम

पत्रिका

रतलाम. शहर में बारिश के बाद 16 अक्टूबर से शुरू होने वाला सड़कों पर पैचवर्क का काम शनिवार से शुरू नहीं हो सका। नगर निगम और प्रशासन द्वारा दावे किए जा रहे थे कि इस काम की शुरुआत दशहरे के बाद हो जाएगी और इसके लिए तारीख भी तय कर घोषित कर दी गई थी लेकिन इस दिन उक्त काम की शुरुआत भी नहीं हो सकी। इसके पीछे कारण तकनीकि होना बताया जा रहा है।

शहर की बिगड़ी सड़कों की सूरत संवारने के लिए शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने निर्देश जारी किए थे। उनके निर्देशानुसार पैचवर्क के लिए नगर निगम द्वारा सड़कें चिन्हित कर सूचीबद्ध की थी। इसमें सबसे पहले सभी प्रमुख मार्गों पर पैचवर्क किया जाना था। इसे लेकर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने गत दिनों ठेकेदार को बुलाकर दिशा-निर्देश दिए थे और कार्य योजना की जानकारी भी ली थी।

## शहर में इन मार्गों की सुधरेगी दशा

शहर मे मुख्य रूप से जिन सड़कों पर पैचवर्क कार्य किया जाना है, उन सड़कों में त्रिपोलिया गेट से चांदनीचौक तक, चांदनीचौक से लक्कड़पीठा रोड, चांदनी चौक से आबकारी चौराहा तक, तोपखाना से गोशाला रोड बगीचे तक, ईदगाह के आसपास खान बावड़ी तक, कसारा बाजार से त्रिपोलिया गेट तक, भरावा कुई से हाथी वाला मंदिर तक, चिंताहरण गणेश मंदिर से थावरिया बाजार पानी की टंकी तक की सड़क शामिल है।

## इन सड़कों की भी सुधरेगी दशा

इसके अतिरिक्त थावरिया बाजार से महलवाड़ा तक, मोचीपुरा चौराहे से सूरजपोल तक, जैन कॉलोनी के अंदर तक, टीआईटी रोड की मुख्य सड़क, ज्योति होटल से कॉलेज के सामने तिराहे तक, शनि देव मंदिर से कालिका माता मंदिर तक, गुलाब चक्कर वाली रोड आरडीए ऑफिस तक, बापू की होटल से हाकिमवाड़ा तक, महावीर नगर एवं लोटस सिटी क्षेत्र, स्टेशन रोड मुख्य मार्ग, फ्रीगंज मेन रोड, शास्त्री नगर कॉलोनी के अंदर की रोड, तेलियों की सड़क से मामाजी के घर तक, केर बावड़ी वार्ड नंबर 26, लॉ कॉलेज रोड आनंद कॉलोनी तक, अर्जुन नगर मेन रोड, अमृत सागर तक शामिल है।

## इन प्रमुख मार्गों में भी होगा सुधार

दीनदयाल नगर मेन रोड तक, भगतपुरी तक, गौशाला रोड जैन स्कूल के पीछे तक, गोपाल गौशाला कॉलोनी तक, 80 फिट रोड गली नंबर 6 से हनुमान ताल तथा 80 फीट से अलकापुरी तक शामिल है। इसी तरह शक्ति नगर मेन रोड तक, बिरियाखा खेड़ी वृद्ध आश्रम रोड, 80 फीट रोड से स्नेह नगर रोड, एचएमटी मसाला से रतलाम पब्लिक स्कूल तक, डोंगरे नगर मेन रोड तक, मोहन नगर मेन रोड पीडब्ल्यूडी की रोड तक, कस्तूरबा नगर मेन रोड तक, अलकापुरी मेन रोड तक तथा साक्षी पेट्रोल पंप के पास तक पैचवर्क किया जाएगा।

पत्रिका
17-10-2021